

# Statkraft की आचार संहिता

Statkraft

# विषयसूची

CEO का संदेश ..... 3

**भाग I: आचार संहिता को समझना और व्यवहार में लागू करना** ..... 4

1. Statkraft की प्रतिबद्धता ..... 4
2. अनुप्रयोग का दायरा ..... 4
3. व्यक्तिगत ज़िम्मेदारी ..... 5
4. मैनेजेरियल (प्रबंधकीय) ज़िम्मेदारी ..... 5
5. निरंतर सुधार ..... 5

**भाग II: ज़िम्मेदारी से काम करना** ..... 6

1. स्वास्थ्य, सुरक्षा और संरक्षा ..... 6
2. मानव अधिकार ..... 7
3. पर्यावरण, जलवायु और चक्रीय अर्थव्यवस्था ..... 8
4. व्यावसायिक नैतिकता ..... 9
5. लोग और संगठन ..... 11

**भाग III: संदेह और नियमों के उल्लंघन के मामलों को संभालना** ..... 13

1. सलाह के लिए कहाँ जाएँ ..... 13
2. चिंताओं की या नियमों के उल्लंघन की सूचना कहाँ दें ..... 13
3. उल्लंघन के दुष्परिणाम ..... 14

# CEO का संदेश

ज़िम्मेदार ढंग से काम करने की हमारी मूलभूत प्रतिबद्धता का वर्णन आचार संहिता में किया गया है जो Statkraft के कर्मचारियों और हमारे व्यावसायिक भागीदारों के लिए अपेक्षाएँ तय करती है।

हम जिन-जिन बाज़ारों में मौजूद हैं उन सभी में, स्थायी और ज़िम्मेदार व्यवसाय संचालन Statkraft के लिए हमेशा से एक स्तंभ बना हुआ है और बना रहेगा। शुद्ध ऊर्जा प्रदान करने के द्वारा, हम जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न चुनौतियों के समाधान में और स्थायी आर्थिक विकास के आधार के निर्माण में उल्लेखनीय योगदान देते हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि हमारे मूल्य – हम ज़िम्मेदारी से काम करते हैं, हम साथ मिलकर बढ़ते हैं और हम प्रभाव डालते हैं – और आचार संहिता, दिखाते हैं कि हम इस कार्य के लिए बिल्कुल सही स्थिति में हैं। एकसमान और ज़िम्मेदार व्यवसाय संचालन से कर्मचारियों, व्यावसायिक भागीदारों, ग्राहकों और समुदायों में भरोसा जमता है और वफ़ादारी बनती है। इस तरह, हम पसंदीदा भागीदार बने रहेंगे।

लोगों की परवाह करना हमारी कंपनी संस्कृति के केंद्र में है और Statkraft के काम से हर किसी को सुरक्षित घर लौटना चाहिए। मुझे विश्वास है कि ऐसा संभव है बशर्ते Statkraft के लिए काम करने वाले सभी लोग सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध हों, और हमारे मैनेजर इस क्षेत्र में उदाहरण बनकर अगुआई करने की विशेष रूप से ज़िम्मेदारी लें (शुरुआत मुझसे)।

ज़िम्मेदार व्यवसाय संचालन में स्थायित्व भी आता है, जिसमें मानवाधिकारों और श्रमिक अधिकारों का सम्मान करना और पर्यावरण तथा जलवायु की परवाह करना शामिल है। मैं प्रबंधकों से प्रतिबद्धता प्रदर्शित करने और हमारी कंपनी की संस्कृति के लिए माहौल स्थापित करने की उम्मीद करता हूँ। मैं हर किसी को सामने आने वाली चुनौतियों पर सक्रिय और खुली चर्चाएँ करने को भी प्रेरित करता हूँ।

हम चिंताएँ सामने लाने वाले कर्मचारियों को हमारा पूरा समर्थन देते हैं। व्यवहार में हमारी आचार संहिता को जीना दुनिया में हर जगह, हर रोज़, हममें से हरेक पर निर्भर करता है।

Statkraft की आचार संहिता का यह संस्करण निदेशक मंडल द्वारा 11.12.2023 को अपनाया गया था।।

# भाग I: आचार संहिता को समझना और व्यवहार में लागू करना

## 1. Statkraft की प्रतिबद्धता

Statkraft स्थायी, नैतिक, सुरक्षित और ज़िम्मेदार ढंग से काम करने और अपने संचालन के हर स्थान की सभी लागू कानूनी आवश्यकताओं का अनुपालन करने के लिए प्रतिबद्ध है। अंतरराष्ट्रीय संगठनों द्वारा निर्धारित संबंधित अंतरराष्ट्रीय समझौतों, ढाँचों और दिशानिर्देशों के अनुसार काम करना भी Statkraft की नीति है[1]।

Statkraft विश्व स्तर पर व्यापार करता है। नॉर्वेजियन इकाई के रूप में, Statkraft लागू नॉर्वेजियन कानूनों और नियमों के साथ-साथ उन देशों के लागू कानूनों और नियमों का अनुपालन करता है, जहां हम काम करते हैं।

जहां लागू कानूनों, विनियमों और Statkraft की नीतियों के बीच अंतर मौजूद हैं, हम उच्चतम मानक का पालन करते हैं।

आचार संहिता में दिए गए सिद्धांत, Statkraft के शासी दस्तावेज़ों के संबंधित अंशों का सारांश हैं।

## 2. अनुप्रयोग का दायरा

आचार संहिता Statkraft ग्रुप की सभी कंपनियों पर और Statkraft के लिए काम करने वाले सभी व्यक्तियों पर लागू होती है, चाहे स्थान कोई भी हो। इसमें सभी स्तरों पर कर्मचारी शामिल हैं, बोर्ड के सदस्य, काम पर रखे गए कर्मचारी, सलाहकार और अन्य जो Statkraft की ओर से कार्य करते हैं या प्रतिनिधित्व करते हैं।

Statkraft संयुक्त उद्यमों में भागीदार, आपूर्तिकर्ताओं, ठेकेदारों, एजेंटों, सलाहकारों, पार्टियों के विलय और अधिग्रहण या ग्राहकों के बिना अपने व्यावसायिक लक्ष्यों को प्राप्त नहीं कर सकता है। व्यावसायिक भागीदारों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे ऐसे मानकों का पालन करें जो Statkraft की आवश्यकताओं के संगत हैं।

[1] इसमें संयुक्त राष्ट्र (यूनाइटेड नेशंस, UN), अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (इंटरनेशनल लेबर ऑर्गनाइज़ेशन, ILO) और आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (ऑर्गनाइज़ेशन फ़ॉर इकॉनमिक को-ऑपरेशन एंड डिवेलपमेंट, OECD) द्वारा जारी मार्गदर्शन और ढाँचे शामिल हैं पर वे इन्हीं तक सीमित नहीं हैं। Statkraft संयुक्त राष्ट्र ग्लोबल कॉम्पैक्ट का सदस्य भी है

## 3. व्यक्तिगत ज़िम्मेदारी

हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हम आचार संिहता और लागू कानूनों तथा विनियमों में वर्णित आवश्यकताओं से परिचित हों और उन्हीं के अनुसार हम हमारे कर्तव्यों का निर्वहन करें। यदि हम आचार संिहता के किसी भाग के अर्थ को लेकर संशय में हों या हमारे सामने कोई नैतिक दुविधा आ जाए, तो हम हमारे मैनेजर से सलाह लेते हैं और इस स्थिति (संशय या दुविधा) को उनके सामने रखते हैं।

## 4. मैनेजेरियल (प्रबंधकीय) ज़िम्मेदारी

प्रबंधकों से प्रतिबद्धता प्रदर्शित करने और हमारी कंपनी की संस्कृति के लिए माहौल स्थापित करने की उम्मीद की जाती है। वे यह सुनिश्चित करेंगे कि उनकी ज़िम्मेदारी के दायरे के भीतर आने वाली गतिविधियाँ लागू आवश्यकताओं और आचार संहिता के अनुसार संचालित की जाएँ। प्रबंधकों को उनके स्वयं के व्यवसाय के आचरण के साथ-साथ उनके कर्मचारियों के लिए भी जवाबदेह ठहराया जाता है।

## 5. निरंतर सुधार

हम लगातार सुधार और नवाचार पर ध्यान केंद्रित करते हैं। सक्रिय जोखिम प्रबंधन और आंतरिक नियंत्रण सभी व्यावसायिक गतिविधियों का एक अभिन्न हिस्सा हैं।

# भाग II: ज़िम्मेदारी से काम करना

## 1. स्वास्थ्य, सुरक्षा और संरक्षा

**हमारी प्रतिबद्धता**

हम एक ऐसे सुरक्षित और स्वस्थ कार्यस्थल के लिए प्रतिबद्ध हैं जो चोट या हानि से मुक्त हो। हम हमारी, हमारे साथ काम करने वाले सभी लोगों की और इस बात की परवाह करते हैं कि हमारी गतिविधियों से दूसरों की सुरक्षा किस प्रकार प्रभावित होती है। हम हमारे दैनिक कार्य से और दूसरों से सीखते हैं, हम ज़रूरत पड़ने पर आवाज़ उठाने की हिम्मत दिखाते हैं और हम सबकों को पूरे संगठन में साझा करते हैं और उनसे सीखते हैं।

- **स्वास्थ्य, सुरक्षा और संरक्षा**
  लोगों की देखभाल Statkraft की संस्कृति के मूल में है। एक सुरक्षित और स्वस्थ काम करने वाला वातावरण सर्वोपरि है और हम जहां भी है यह लागू होता है। हम शून्य गंभीर चोटों की दिशा में हमारे निष्पादन को सुधारने के लिए निरंतर काम करते हैं।

- **नशीले पदार्थों का सेवन**
  Statkraft के लिए काम करते समय, हमें शराब और नशीली दवाओं सहित नशीले पदार्थों के प्रभाव में रहने की अनुमति नहीं है। शराब की सीमित मात्रा तब परोसी जा सकती है जब स्थानीय रिवाज और अवसर इसे उचित बनाते हैं, बशर्ते कि सेवन के साथ ऑपरेटिंग मशीनरी, ड्राइविंग या किसी अन्य गतिविधि को साथ नहीं जोड़ा जाता है जो शराब के उपयोग के साथ असंगत है।

## 2. मानव अधिकार

**हमारी प्रतिबद्धता**

हम नकारात्मक प्रभावों की रोकथाम करने, उन्हें न्यूनतम करने और उनकी गंभीरता घटाने के द्वारा हमारे लोगों के, हमारी आपूर्ति शृंखला के कर्मियों के और हमारे संचालनों द्वारा प्रभावित समुदायों के मानवाधिकारों का सम्मान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम केवल ऐसे व्यावसायिक भागीदारों के साथ काम करेंगे जो अपने यहाँ और अपनी आपूर्ति शृंखलाओं में मानवाधिकारों का सम्मान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। जहाँ हमारी गतिविधियों से मानवाधिकारों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़े हों या ऐसे प्रभावों में योगदान हुआ हो वहाँ हम उपचारी प्रक्रियाएँ प्रदान करने या उनमें सहयोग करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

- **मानव अधिकार और श्रम अधिकार**
  हम मानवाधिकारों और श्रमिक अधिकारों, जिनमें संघ बनाने की स्वतंत्रता और सामूहिक मोलभाव का अधिकार, सभी प्रकार के बलात् और अनिवार्य श्रम का उन्मूलन, बाल श्रम का प्रभावी अंत और रोज़गार तथा व्यवसाय के संबंध में भेदभाव का उन्मूलन शामिल है, का सम्मान करते हैं।

  हम उचित कार्यस्थितियों, जिनमें अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (इंटरनेशनल लेबर ऑर्गनाइज़ेशन, ILO) द्वारा अनुशंसित सीमाओं के अनुरूप कार्य के घंटे और हमारे कर्मचारियों को निर्वाह-वेतन देना शामिल है, के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम हमारे ठेकेदारों से यह अपेक्षा करते हैं कि वे भी हमारे स्थलों पर कार्यरत कर्मचारियों के लिए इन्हीं को लागू करें। अनुशासनात्मक उपाय के रूप में वेतन कटौती अस्वीकार्य है और किसी भी व्यक्ति के लिए यह आवश्यक नहीं किया जाना चाहिए कि Statkraft द्वारा संलग्न किए जाने के लिए वह कोई भुगतान (जैसे, भर्ती शुल्क या अन्य क्षतिपूर्ति) करे।

- **सामाजिक और सामुदायिक अधिकार**
  हम हमारी गतिविधियों से प्रभावित लोगों, जिनमें मूल निवासी, जनजातीय और अन्य असुरक्षित समूह शामिल हैं, के अधिकारों का सम्मान करते हैं। हम अंतरराष्ट्रीय ढाँचों की अनुरूपता में, प्रभावित लोगों के साथ सूचित परामर्श और उनकी सहभागिता सुनिश्चित करने और उपयुक्त व्यथा तंत्र लागू रखने का प्रयास करते हैं।

# 3. पर्यावरण, जलवायु और चक्रीय अर्थव्यवस्था

### हमारी प्रतिबद्धता

हरित और निष्पक्ष ऊर्जा को अपनाने की दिशा में बदलाव का समर्थन करना हमारी समग्र आकांक्षा है। हम इसे नेट-ज़ीरो मूल्य शृंखला का विकास करके, ग्रहीय सीमाओं के भीतर वृद्धि करके और सोच के चक्रीय तरीकों को अपनाकर करते हैं। हम पर्यावरणीय, जलवायु-संबंधी और समाज-संबंधी महत्वपूर्ण विचारों के बीच सावधानी से संतुलन साधने का प्रयास करते हैं।

- **पर्यावरण**
  हम हमारे पर्यावरणीय प्रभाव को घटाने और सावधानीपूर्ण पद्धति, जिसमें जोखिम आकलन और जोखिम प्रबंधन शामिल हैं, का समर्थन करने की दिशा में काम करते हैं। हम अधिक पर्यावरणीय जिम्मेदारी को बढ़ावा देने और पर्यावरण के अनुकूल प्रौद्योगिकियों के विकास और प्रसार को प्रोत्साहित करने के लिए पहल करते हैं।

- **जलवायु**
  हम हमारी गतिविधियों के ज़रिए एक अधिक जलवायु-हितैषी और स्थायी ऊर्जा तंत्र को अपनाने के बदलावों में योगदान देते हैं। हम छोटा जलवायु-फुटप्रिंट बनाए रखने और हमारे हरितगृह गैसे उत्सर्जनों को घटाने के प्रयास करते हैं।

- **चक्रीय अर्थव्यवस्था**
  हम चक्रीय अर्थव्यवस्था की सोच लागू करने का प्रयास करते हैं, जिसमें जीवनचक्र दृष्टिकोण को अपनाना और संसाधन दक्षता, पुनरोपयोग और पुनर्चक्रण को बढ़ावा देना शामिल है।

# 4. व्यावसायिक नैतिकता

**हमारी प्रतिबद्धता**

हम किसी भी प्रकार के भ्रष्टाचार और अन्य आर्थिक अपराध को सहन नहीं करते हैं और इस प्रतिबद्धता से कभी-भी समझौता नहीं करते हैं, चाहे वाणिज्यिक उद्देश्य कुछ भी हों। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि हमारे पास चुनौतीपूर्ण व्यावसायिक परिवेशों में समझदारी से संचालन करने और चिंताओं को संभालने की सक्षमता हो। हम सभी, यदि संशय में हों तो, सलाह प्राप्त करेंगे। हम केवल ऐसे व्यावसायिक भागीदारों के साथ काम करते हैं जो स्वीकार्य मानकों को संतुष्ट करते हैं या जिनके पास विश्वसनीय सुधार योजना है।

- **भ्रष्टाचार-रोधी**
  हम सार्वजनिक (सरकारी) और निजी क्षेत्र में सभी प्रकार के भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी का विरोध करते हैं। हम रिश्वत या अन्य अनुचित लाभ न प्रदान करते हैं, न स्वीकार करते हैं, न अनुरोध करते हैं और न प्राप्त करते हैं, चाहे वह प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से, व्यवसाय या निजी लाभ के लिए, चाहे खुद के लिए या दूसरों के लिए हो।

- **उपहार और सत्कार**
  हम केवल वही उपहार और अतिथि-सत्कार देते और लेते हैं जो मामूली और उचित हों। व्यावसायिक शिष्टाचारों – उपहारों, सत्कारों, व्ययों या किसी भी लाभ – की पेशकश करना या स्वीकारना वहाँ निषिद्ध है जहाँ वे किसी अनुचित प्रभाव का गठन कर सकते हों, या ऐसा करते प्रतीत हो सकते हों। इसके अलावा, व्यापार शिष्टाचार केवल तभी स्वीकार किए जा सकते हैं या पेश किए जा सकते हैं यदि वे दोनों मूल्य और आवृत्ति के संबंध में मामूली हैं,और यदि समय और स्थान उपयुक्त हैं।

- **सार्वजनिक (सरकारी) अधिकारी, कंपनियाँ/इकाइयाँ/संस्थाएँ और अन्य हितधारक**
  जब हम सरकारी अधिकारियों, संस्थाओं और अन्य हितधारकों के साथ कार्य-व्यवहार कर रहे हों तब हम सावधान रहते हैं। जब व्यावसायिक शिष्टाचार सार्वजनिक अधिकारियों को शामिल करते हैं, तो हम ज्यादा सावधानी बरतते हैं।

  Statkraft राजनीतिक दलों या राजनेताओं को प्रायोजित नहीं करता है। समूह के हित में Statkraft सार्वजनिक बहस में भाग ले सकता है। वे सभी लोग जो Statkraft में काम करते हैं, के लिए कार्य करते हैं या प्रतिनिधित्व करते हैं, वे लोकतांत्रिक राजनीतिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए स्वतंत्र हैं, लेकिन यह Statkraft के साथ उनके संबंध के संदर्भ या कनेक्शन के बिना होना चाहिए।

- **हितों का टकराव और उचित प्रतिस्पर्धा**
  हम हितों के टकराव से बचते हैं और उचित प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित करते हैं। हम उन स्थितियों से बचते हैं जो व्यक्तिगत, निजी हित और Statkraft के हितों के बीच टकराव को जन्म देती हैं, या जो किसी भी तरह से हमारी कार्रवाई या निर्णय की स्वतंत्रता पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती हैं।

  हम उच्च वाणिज्यिक नैतिक मानकों को लागू करते हैं और उन बाजारों में प्रतिस्पर्धा नियमों के ढांचे के भीतर प्रतिस्पर्धा करते हैं जिनमें Statkraft संचालित होता है। यह प्रतियोगियों और आपूर्तिकर्ताओं के साथ-साथ ग्राहकों के संबंध में भी लागू होता है।

- **व्यावसायिक भागीदार और सत्यनिष्ठा उचित पड़ताल**
  हमें पता है कि हम किनके साथ व्यवसाय करते हैं और अनैतिक व्यावसायिक भागीदारों से हम बचते हैं । व्यावसायिक साझेदारों के साथ समझौते लिखित रूप में किए जाने चाहिए और पार्टियों के बीच के सच्चे संबंधों का वर्णन करना चाहिए। संतोषजनक मुआवजे के संतुष्टि दायक प्रलेखन और लेखांकन के अधीन उचित रूप से दिए गए सेवा के लिए सहमत क्षतिपूर्ति के अनुपात में होने चाहिए।

  हम किसी भी प्रतिबंधित देश, समूह, संगठन या व्यक्ति के साथ व्यवसाय या सौदे नहीं करते हैं।

- **धोखाधड़ी**
  हम सभी प्रकार की धोखाधड़ी की रोकथाम करने की सावधानी बरतते हैं और हमारी रोकथाम गतिविधियों को और मज़बूत बनाने की दिशा में निरंतर काम करते हैं। हम धन आशोधन के किसी भी रूप में भाग नहीं लेते हैं और यह सुनिश्चित करते हैं कि वित्तीय लेनदेन जिसमें Statkraft एक हिस्सा है, का उपयोग धन आशोधन के लिए नहीं किया जाता है।

- **सूचना की गोपनीयता और संचालन**
  हम सूचना की गोपनीयता और उसकी उचित रूप से साज-संभाल सुनिश्चत करते हैं। हम अपनी गोपनीयता के दायित्वों का सम्मान करते हुए, हमारे सभी व्यवहारों में पारदर्शिता, सत्यता और सटीकता के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम सभी हितधारकों को खुले, सटीक और समयबद्ध तरीके से जानकारी प्रदान करते हैं और उनके साथ संवाद करते हैं । अकाउंटिंग की सारी जानकारी और सारी रिपोर्टिंग सही होनी चाहिए और कानूनों तथा विनियमों के अनुरूप होनी चाहिए।

  हम हमारे पास मौजूद सारी गोपनीय जानकारी, चाहे वह Statkraft की जानकारी हो या व्यावसायिक भागीदारों की, की सुरक्षा करने और उसका दुरुपयोग नहीं करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। Statkraft के साथ हमारे रोजगार या अन्य संविदात्मक संबंध समाप्त होने के बाद गोपनीयता का दायित्व बने रहते हैं।

हम लोगों के निजता के अधिकार के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम यह सुनिश्चित करते हैं कि हम व्यक्तियों, चाहे वे हमारे कर्मचारी हों या कोई तृतीय पक्ष, के व्यक्तिगत डेटा को ज़िम्मेदारी से प्रोसेस करें, और हम यह सुनिश्चित करते हैं कि जिन भी मामलों में व्यक्तिगत डेटा की प्रोसेसिंग आवश्यक हो उन सभी मामलों में हमारे पास ऐसा करने का प्रासंगिक प्रयोजन हो। हम Statkraft के बाध्यकारी कॉर्पोरेट नियमों से बाध्य हैं; ये नियम कंपनी-व्यापी प्रोसेसिंग को और कर्मचारियों व तृतीय पक्षों के व्यक्तिगत डेटा के अंतरण को नियंत्रित करते हैं।

## 5. लोग और संगठन

**हमारी प्रतिबद्धता**

हम अच्छे और समावेशी कर्मचारी अनुभव के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारी संस्कृति एक ऐसी संस्कृति है जिसमें हम ज़िम्मेदारी से काम करते हैं, साथ मिलकर बढ़ते हैं और प्रभाव डालते हैं।

- **समानता, विविधता और समावेशन**
  हम एक ऐसा समावेशी कार्य परिवेश बनाने के लिए सक्रिय रूप से काम करते हैं जहाँ विविधता को मान दिया जाता हो और जहाँ हर किसी के पास व्यवसाय की सफलता में योगदान करने के और अपना पूरा सामर्थ्य हासिल करने के समान अवसर हों।

  Statkraft के कर्मचारियों और Statkraft की गतिविधियों में शामिल अन्य व्यक्तियों से ऐसे ढंग से व्यवहार किया जाएगा जो सामाजिक-लिंग, नस्ल/जाति, धर्म, आयु, अशक्तता, यौन झुकाव, राष्ट्रीयता, सामाजिक या नृजातीय मूल, राजनीतिक मत, संघ संबद्धता या किसी भी अन्य आधार पर भेदभाव न करता हो। हम हमारे किसी भी कार्यस्थल में किसी भी प्रकार के भेदभाव या उत्पीड़न, जिसमें यौन उत्पीड़न शामिल है, को सहन नहीं करते हैं। हम समान मूल्य के कार्य के लिए समान वेतन सुनिश्चित करेंगे।

- **यौन सेवाओं की खरीद**
  Statkraft यौन सेवाओं की खरीद के निषेध का समर्थन करता है। Statkraft के लिए असाइनमेंट या बिजनेस ट्रिप पर जाने पर कोई यौन सेवाएं नहीं खरीदनी चाहिए।

- **सूचना और आईटी प्रणालियां**
  हम एक जिम्मेदार और पेशेवर तरीके से सूचना, आईटी प्रणाली और इंटरनेट को संभालते हैं और उपयोग करते हैं।

  Statkraft की आईटी प्रणाली पर निर्मित और संग्रहित जानकारी को Statkraft की संपत्ति माना जाता है। इसलिए Statkraft को कानून या समझौते द्वारा सीमित होने के अलावा ऐसी सभी सूचनाओं को एक्सेस करने का अधिकार है।

- **संपत्ति और परिसंपत्तियों का संरक्षण**
  हम Statkraft की संपत्ति की सुरक्षा और उचित उपयोग के लिए जिम्मेदार हैं । Statkraft की संपत्ति का इस्तेमाल निजी लाभ के लिए नहीं किया जाना चाहिए।

# भाग III: संदेह और नियमों के उल्लंघन के मामलों को संभालना

## 1. सलाह के लिए कहाँ जाएँ

यदि Statkraft का कोई कर्मचारी आचार संहिता के किसी भाग के अर्थ के बारे में या उसके अनुसरण में उचित कार्यपथ क्या हो इस बारे में अनिश्चित है या हो जाता है, तो वह कर्मचारी अपने मैनेजर से सलाह माँगेगा और मामले को उनके सामने रखेगा।

## 2. चिंताओं की या नियमों के उल्लंघन की सूचना कहाँ दें

यदि Statkraft के किसी कर्मचारी को संदेह है कि कोई निर्णय या कार्रवाई Statkraft की कानूनी या नैतिक प्रतिबद्धताओं का उल्लंघन है या उल्लंघन करेगी, तो उसकी इस मुद्दे को उठाने का अधिकार और जिम्मेदारी होगी। उसे तुरंत अपने प्रबंधक से संपर्क करना चाहिए। जहां यह संभव नहीं है या मुश्किल है, उसे कॉर्पोरेट ऑडिट के प्रमुख से संपर्क करना चाहिए।

सभी रिपोर्टों को गोपनीय जानकारी के रूप में माना जाएगा। रिपोर्ट को गुमनाम रूप से स्वतंत्र रिपोर्टिंग चैनल (Whistleblowing) को दर्ज कराया जा सकता है,जिसका प्रबंधन कॉर्पोरेट ऑडिट के प्रमुख (https://statkraft.whistleblowernetwork.net) द्वारा किया जाता है। या फिर, सीधे हेड ऑफ़ कॉर्पोरेट ऑडिट को ईमेल, डाक या फोन से (ईमेल: compliance@statkraft.com; फोन: +47 24 06 86 76; पता: Statkraft AS, Head of Corporate Audit, P.O. Box 200 Lilleaker, NO-0216 Oslo, Norway).

स्थानीय लागू कानूनों के आधार पर संभव है कि अन्य व्यथा मार्ग और/या रिपोर्टिंग (सूचना देने की) आवश्यकताएँ मौजूद हों।

बाहरी पक्ष, जिनमें काम पर रखे गए कार्मिक शामिल हैं, परामर्शदाता और अन्य आपूर्तिकर्ता भी चिंताओं की सूचना दे सकते हैं।

व्यवसाय सत्यनिष्ठा से जुड़ी कोई भी चिंता सदाशय से सामने लाने या उसके समाधान में सहायता करने वाले किसी भी व्यक्ति के विरुद्ध Statkraft किसी भी प्रतिशोधी उपाय का उपयोग नहीं करेगी।

## 3. उल्लंघन के दुष्परिणाम

Statkraft की आचार संहिता की अनुपालनहीनता को एक गंभीर मामला माना जाता है जो अनुशासनात्मक कार्रवाई का कारण बन सकता है; उक्त कार्रवाई में बरखास्तगी और नागरिक (दीवानी) कार्रवाई शामिल हैं और उक्त अनुपालनहीनता की सूचना संबंधित प्राधिकारियों को दी जा सकती है।

**दायित्व अस्वीकरण:** इस दस्तावेज़ में मौजूद किसी भी उपबंध का उद्देश्य Statkraft के विरुद्ध प्रवर्तनीय किसी भी अधिकार/किन्हीं भी अधिकारों की रचना करना नहीं है।

Updated June 2025

Statkraft